## लिफ्ट देकर महिला को बाइक सवार दो बदमाशों ने लूटा

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में लिफ्ट देकर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला को लूट लिया।

पुलिस के अनुसार पन्ना मीणा कुंड निवासी कमला मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार से घर लौट रही थी इसी दौरान उसने तेज गर्मी के चलते बाइक सवारों से लिफ्ट मांगी। बाइक सवार बदमाशों ने उसे लिफ्ट दी और उसे जैन मंदिर सागर के पास सुनसान स्थान पर ले गए और उसके गले से सोने का लॉकेट छीनकर ले गए। घटना 20 मई की शाम करीब साढ़े चार बजे की है।

इस पर पीडिता घर पर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया।

# नेगचार बाग को नोटिस देने के बाद कार्रवाई करना भूला जेडीए प्रशासन

## सीकर रोड पर सोनी हॉस्पिटल के सामने आवासीय गिरधर कॉलोनी में 2300 वर्ग गज ज़मीन पर अवैध तरीक़े से संचालित है नेगचार बाग रेस्टॉरेंट एवं बैंकवेट

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में सीकर रोड पर सोनी हॉस्पिटल के सामने आवासीय गिरधर कॉलोनी में 2300 वर्ग गज ज़मीन पर अवैध तरीक़े से संचालित नेगचार बाग रेस्टॉरेंट एवं बैंकवेट को ध्वस्त करने के बजाय जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने चुप्पी साध रखी है।

जबकि जेडीए ने गत आठ फ़रवरी को इस रेस्टोरेंट का संचालन करने वाले नवीन चौधरी को धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में कहा गया था कि, आपने ग़ैर अनुमोदित आवासीय गिरधर कॉलोनी के प्लॉट संख्या चार पर जेडीए की बिना अनुमति एवं स्वीकृति 2300 वर्गगज जमीन पर नेगचार बाग के नाम से रेस्टोरंट व बैंक्वेट हॉल का निर्माण कर व्यवसाय संचालन किया जा रहा है, जोकि जेडीए विनियमों एवं बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन होने के कारण अवैध और अनाधिकृत है। जेडीए प्रशासन ने इस नोटिस के ज़रिये नवीन चौधरी से सात दिन यानी 15 फ़रवरी तक 2025 तक जवाब माँगा था साथ ही चेतावनी भी दी थी कि अगर अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो जेडीए की ओर से तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। हैरानी की बात यह है कि इस नोटिस की समय अवधि ख़त्म होने के क़रीब तीन माह के बाद भी जेडीए प्रशासन इस अवैध रेस्टोरेंट पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। जबकि जेडीए ट्रिब्यूनल ने भी 4 अप्रैल 2025 को शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से दायर याचिका पर भी जेडीए को कार्रवाई के आदेश दिए थे ।

- **जेडीए ट्रिब्यूनल ने भी 4 अप्रैल 2025 को शिवांगन कंस्ट्रक्शन की ओर से दायर याचिका पर भी जेडीए को कार्रवाई के आदेश दिए थे।**

## पुलिस कमिश्नर अब 23 मई को झोटवाडा थाने में करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर ।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने जनसुनवाई में आंशिक संशोधन करते हुये 29 मई की जगह अब 23 मई (शुक्रवार) को शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक पुलिस थाना झोटवाडा में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल, सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाडा एवं चौंमू एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## समर कैंप शुरू

**जयपुर।** गोविंद नगर पश्चिम, आमेर रोड स्थित शिवम् पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल कैम्पस में समर कैंप शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायरेक्टर बाबूलाल अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि प्राचार्या विद्या गर्ग रहे।

# केंद्रीय श्रमिक संगठनों का केंद्र सरकार की हठधर्मिता के विरोध में प्रदर्शन

**जयपुर।** राज्य के केंद्रीय श्रमिक संगठन, इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, राज सीटू, एक्टू आदि के संयुक्त तत्वावधान में श्रम विभाग के कार्यालय के समक्ष केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक, सामाजिक, श्रम संबंधी नीतियाँ, कार्यकलाप एवं श्रमिक, मध्यम वर्ग/गरीब जनता के मुद्दों को लगातार दरकिनार करने संबंधी प्रवृत्ति एवं विशेष रूप से श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड लागू करने के निर्णय के विरुद्ध विशाल प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रमिको को श्रमिक नेता कुणाल रावत, मुकेश माथुर, रविन्द्र शुक्ला, राम अवतार स्वामी, रामपाल सैनी, एस के शर्मा आदि ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हमने पहलगाम में आतंकी हमला, निर्दोष 26 लोगों की दु:खद हत्या तथा उसके बाद की परिस्थितियों के मध्येनजर 20 मई की राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया, आतंकवादियों एवं दुश्मन राष्ट्र के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित बहादुरी पर हम गर्व करते हैं। लेकिन ऐसी विषम परिस्थितियों में भी भारत सरकार, श्रम संहिताओं को लागू करने, काम के घंटे बढ़ाने और ट्रेड यूनियन अधिकारों पर अंकुश लगाने के लिए आक्रामक तरीके से दबाव बना रही है। सरकार द्वारा कॉरपोरेट घरानों को सक्रिय रूप से समर्थन दिया जा रहा हैं।




**राज्य के केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड लागू करने के निर्णय के विरुद्ध प्रदर्शन किया।**

वैधानिक न्यूनतम वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों का इनके द्वारा खुलकर उल्लंघन किया जा रहा है।

केन्द्रीय श्रमिक संगठनों ने यह भी मांग की हैं कि रेलवे, बैंक, बीमा, बंदरगाह और गोदी आदि का निजीकरण रोका जाएं।

स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा सेवाओं को सरकारी क्षेत्र में ही बनाए रखा जाएं। ठेका श्रमिकों को नियमित श्रमिकों के समान वेतन, भत्ते एवं अन्य सुविधाएं दी जाएं। समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाए। रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएं एवं नियमित रोजगार दिया जाएं।

प्रदर्शन में डी के छंगाणी, मुकेश चतुर्वेदी, भंवर सिंह, जीवन गुर्जर, राजीव सारण, रमेश चतुर्वेदी, किशन सिंह, राकेश यादव, केशव व्यास,पवन डूडी,विनोद राय ,शरीफ़, बी एम सुंडा, राशिदजुम्मा खान सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

## सड़क हादसों में एक महिला व व्यक्ति की मौत

**जयपुर।** शहर में अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला व व्यक्ति की मौत हो गई। सीकर रोड पर जैतपुरा के पास बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **सीकर रोड पर जैतपुरा के पास और आगरा रोड पर बगराना के पास हुई दुर्घटना**

पुलिस के अनुसार श्रीराम विहार वीकेआई निवासी 55 वर्षीय रामपाल पुत्र मेहूं अपने एक साथी के साथ फैक्ट्री में काम करने बाइक से जा रहे थे। दोपहर करीब ढाई बजे जैतपुरा में धर्मकांटे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर रामपाल की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके साथी का उपचार जारी है। दूसरी घटना में आगरा रोड पर बगराना के पास सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बाइक लेकर फरार हो गया। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पुलिस पूर्व द्वितीय कर रही है। पुलिस के अनुसार बगराना निवासी 52 वर्षीय रजा देवी मजदूरी करने बाजार जा रही थी। इसी दौरान सुबह करीब साढे आठ बजे आगरा रोड पर बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। इससे महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# 50 मर्डर करने वाला डॉक्टर डेथ राजस्थान से गिरफ्तार

## शवों को मगरमच्छों के बीच फेंक देता था, आश्रम में पुजारी बनकर छिपा हुआ था

**जयपुर।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात सीरियल किलर देवेंद्र शर्मा उर्फ "डॉक्टर डेथ" को दौसा से गिरफ्तार किया है। डॉक्टर डेथ 50 से अधिक लोगों की हत्या कर चुका है। आरोपी अगस्त 2023 में पैरोल पर बाहर आकर फरार हो गया था। इसके बाद वह कई जगहों पर फरारी काटने के बाद दौसा के एक आश्रम में पुजारी बनकर छिपा हुआ था।

क्राइम ब्रांच को डॉक्टर प्रवचन देता हुआ मिला। आरोपी डॉक्टर देवेन्द्र शर्मा पूर्व में एक किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट से भी जुड़ा था। दिल्ली से लेकर हरियाणा-राजस्थान तक 50 से अधिक लोगों की हत्या करने और इनके शवों को यूपी के कासगंज में मगरमच्छों को खिलाने वाले राक्षस 'डॉक्टर डेथ' को दिल्ली की क्राइम ब्रांच दौसा से गिरफ्तार कर दिल्ली ले गई। सात मामले में उम्र कैद के बाद एक मामले में फांसी का इंतजार कर रहा यह सीरियल किलर अगस्त 2023 में तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आया था। इसके बाद से ही फरार चल रहा था।

दिल्ली के कुख्यात आयुर्वेदिक डॉक्टर देवेंद्र शर्मा का पहली बार क्राइम फाइल में नाम 1998 से 2004 के बीच आया था। वह किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट से जुड़ा हुआ था। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी हुई और उसने 125 से अधिक अवैध ट्रांसप्लांट के केस कबूल किए थे। इससे पहले देवेंद्र शर्मा ने 1994 में गैस एजेंसी की डीलरशिप ली थी।

हालांकि इसमें घाटा हुआ तो उसने मानव अंगों की तस्करी शुरू कर दी थी। इस प्रकार हत्या की ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देते हुए यह कब खूंखार सीरियल किलर बन गया, इसे खुद पता नहीं चला। पुलिस की मानें तो आरोपी पर हत्या की सनक सवार थी। इसके लिए वह खासतौर पर टैक्सी ड्राइवरों को निशाना बनाता था।

वह टैक्सी बुक करता और फिर ड्राइवर की हत्या करने के बाद उसके शव को उत्तर प्रदेश के कासगंज में मगरमच्छों के लिए मशहूर हजारा नहर में डाल देता था। वहां पलक झपकते मगरमच्छ शवों को खा जाते थे। इसलिए आरोपी के खिलाफ पुलिस को सुराग नहीं मिल पाता। इसके बाद वह टैक्सियों को ब्लैक मार्केट में बेच देता था।

वह दौसा के एक आश्रम में पुजारी बनकर फरारी काटने लगा। इधर, दिल्ली पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस करने और उसे पकड़ने के लिए आधा दर्जन से अधिक टीमें बना रखी थी।

इन टीमों ने बड़ी मुश्किल से उसकी लोकेशन को ट्रैक किया और उसे पकड़ने के लिए दौसा के आश्रम में पहुंची। इस दौरान आरोपी आश्रम में प्रवचन करता मिला।

## डेल कंपनी और डीलर पर खराब लैपटॉप बेचने के लिये जुर्माना

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता मंच जयपुर प्रथम ने खराब लैपटॉप बेचने तथा विवादित लैपटॉप में प्रारंभ से उत्पादकीय दोष होने के बावजूद उपभोक्ता की समस्या का समाधान न कर पाने का, सेवा दोष कारित करने के लिये डेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड व डीलर सन्ट्रोनिक कम्प्यूटर्स, जयपुर पर जुर्माना लगाया। इस मामले की पैरवी अधिवक्ता श्वेताभ सिंघल द्वारा की गई।

मामले के तथ्यों के अनुसार उपभोक्ता मोहनलाल अग्रवाल ने एक डेल कंपनी का लैपटॉप 2014 में खरीद लिया था, जिसमें तकनीकी समस्या आने के कारण उपभोक्ता ने उसे वापस कर राशि प्राप्त कर ली तथा पहले से अधिक राशि का लैपटॉप पुन: क्रय किया। इसके बावजूद उपभोक्ता को लैपटॉप में अनेक प्रकार की तकनीकी समस्या आने लगी। अधिवक्ता सिंघल ने यह भी बताया कि डेल कंपनी में उपभोक्ता द्वारा शिकायत किये जाने पर कंपनी के कर्मचारियों ने उक्त मॉडल के अनेक लैपटॉप में तकनीकी शिकायतें आने का जिक्र किया था।

## आंखों में मिर्ची डालकर सोने की टॉप्स खींचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**गांधी नगर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला की सोने की टॉप्स खींचकर ले जाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**जयपुर।** गांधी नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की आंखों में मिर्ची डालकर कानों से सोने की टॉप्स खींचकर ले जाने वाले दो आरोपियों को धर-दबोचा है और उनके पास से छीने गए सोने के टॉप्स भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने गांधी नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की आंखों में मिर्ची डालकर कानों से सोने की टॉप्स खींचकर ले जाने वाले 20 वर्षीय अनिकेत उर्फ कालू और 20 वर्षीय शाहिल गुजराती को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित झालाना डूंगरी जयपुर के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित शराब पार्टी करने के आदि है तथा अपने शौक पूरा करने के लिए रुपयों की जरूरत के लिए वारदात को अंजाम देते है। थानाधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि 70 वर्षीय मुन्नी देवी ने 19 मई को मामला दर्ज करवाया था कि वह बकरियों को पानी पिलाने जंगल में गयी थी। इस दौरान पीछे से दो लडको ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर जैसा पदार्थ डालकर कर उसके कान के सोने के टॉप्स,गले का जंतर और 20 हजार रुपये की नकदी लेकर भाग गये। आरोपी वारदात के बाद गुजरात जाने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस की कड़ी नाकाबंदी के कारण भागने में सफल नहीं हो सके। दोनों के आरोपियों के शरीर पर चोट आई हुई थी व पट्टी बंधी हुई थी। जिनसे पूछताछ में सामने आया कि आरोपित भाग रहे थे तो जंगलात की ऊंची दीवार जिस पर तार लगे हुये थे से कूद गये थे जिससे गिरने पडने से शरीर पर चोट आई।

## जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में 28 पुलिस निरीक्षक इधर-उधर

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने 2 पुलिस निरीक्षकों को इधर-उधर किया है साथ ही दो पुलिस निरीक्षको को लाइन हाजिर भी किया गया है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के जारी आदेश के अनुसार गुरु भूपेंद्र सिंह को मुहाना, राजेश शर्मा को सोडाला, सुरेंद्र सैनी को बजाज नगर, धर्म सिंह को माणक चौक, हरि ओम (एस आई) को भट्टा बस्ती, महावीर यादव को कोतवाली,राजेश मीणा को आदर्श नगर, बलवीर को सुभाष चौक, सुभाष यादव को रामगंज, उदय सिंह को गलता गेट, राजेश शर्मा को आमेर, मुकेश मीणा को जयसिंहपुरा, माधो सिंह को संजय सर्किल, सुरेश यादव को नाहरगढ़, देवेंद्र प्रताप को सदर, पूनम को एसएमएस, राजेश कुमार सिंह को वैशाली नगर, हवा सिंह को करणी विहार, अंतिम शर्मा को चित्रकूट, रविंद्र नरूका को विश्वकर्मा, लिखमाराम को प्रभारी सीएसटी पुलिस कमिश्नरेट जयपुर, मानवेंद्र सिंह को जयपुर मेट्रो, सुरेंद्र सिंह को यातायात निरीक्षक प्रथम जयपुर पूर्व, विनोद जाखड़ को यातायात निरीक्षक सेकंड जयपुर पूर्व, कैलाश प्रसाद को पुलिस निरीक्षक यातायात प्रशासन, वर्षा रानी भोजगी को अपराध सहायक जयपुर पूर्व, धर्मेंद्र शर्मा और रामेश्वरी रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है।

# बेटे के कहने पर डील करने सेंट्रल जेल पहुंची माँ, पहली बार में ही धरी गई

## स्मैक लेकर पहुंची थी जेल, महिला के साथ बेटे का दोस्त भी गिरफ्तार

**जयपुर।** केन्द्रीय कारागृह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धमकी मिलने के बाद से जेल प्रशासन बेहद गंभीर है और मुल्जिमों से मुलाकात करने आने वाले परिजनों के सामान की पुख्ता जांच कर रहा है। इसी के साथ जेल में हाई सिक्योरिटी बरती जा रही है। वहीं जेल से रिहा होने वाले अपराधी जेल से बाहर आने के बाद जेल परिसर में ही मादक पदार्थो की तस्करी करने में जुट गए है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर लालकोठी थाना पुलिस ने जेल परिसर की पार्किंग से एक महिला व उसके मददगार को स्मैक सप्लाई करने के आरोप में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार महिला कर बेटा समीर जेल में बंद है और स्मैक पीने का आदि है। उसे देने के लिए वो स्मैक लेकर आई थी। पुलिस ने दोनो आरोपियों से कुल 5 सौ 22 ग्राम स्मैक बरामद की है।

पुलिस ने जैसे ही मुखबिर की सूचना पर महिला तस्कर सब्बीरन पत्नी सद्दीक (57), पूर्वी का टीबा, रामगंज निवासी को जेल परिसर की पार्किंग में दबोचा तो उसने बताया कि स्मैक देने वाला तस्कर राम लाल मीणा (32), पुत्र दानाराम राजावास ,हरमाड़ा निवासी जेल के बाहर ही मोटर साईकिल पर बैठा है। महिला की निशानदेही पर पुलिस ने रामलाल मीणा को भी दबोच लिया। बताया जा रहा है कि रामलाल मीणा मादक पदार्थो की तस्करी करता है और तस्करी के मामले ही कुछ समय पहले जमानत पर रिहा हुआ है। दोस्ती निभाने और जेल में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के लिए अपनी जड़े जमाने के लिए आरोपी ने समीर की मॉ को तैयार किया और जेल में स्मैक पहुंचाने की प्लानिंग बनाई। लेकिन पहली ही खेप पहुंचाने से पहले दोनो आरोपी पुलिस के हत्थें चढ़ गए।

- **पहली ही डिलिंग में दबोचे गए दो आरोपी, कुल 5 सौ 22 ग्राम स्मैक बरामद**

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रामलाल मीणा की समीर से जेल में ही मुलाकात हुई थी । जिसके बाद दोनो दोस्त बन गए। जेल से बाहर आने के बाद रामलाल मीणा समीर की मॉ सब्बीरन से मिला और जेल में समीर को स्मैक पहुंचाने का प्लान बनाया

बताया जा रहा है कि समीर के खिलाफ लालकोठी थाने में स्मैक पीने के 5-6 मुकदमें दर्ज है और स्मैक की खरीद-फरोख्त के मामले में वो पीछे कई महीनों से जेल में है। महिला सब्बीरन ने रामलाल के साथ मिलकर जींस की पीछे वाली जेब की सिलाई खोली और उसमें फिल्टर वाले कपड़े में स्मैक रखकर जेब की सिलाई कर दी। बताया जा रहा है फिल्टर वाला कपड़ा इतना बारीक होता है कि तलाशी के दौरान उसकी किसी भी तरह की कोई आवाज नहीं आती और वो जेल प्रहरियों के तलाशी देने पर आवाज नहीं करता । जो आसानी से जेल के अंदर पहुंच जाता है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रामलाल मीणा अपने समीर व राकेश उर्फ बकरा को जेल में स्मैक पहुंचाने की फिराक में थे और ये स्मैक वो भूपेंद्र नाम के व्यक्ति से लेकर आया था। पुलिस भूपेंद्र के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है। वहीं पुलिस आरोपी समीर और राकेश उर्फ बकरा से पूछताछ कर सकती है।

## 14 वर्षीय बालक का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 14 वर्षीय बालक का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है और साथ ही घटना में उपयोग में ली गई एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने 17 मई के दिन एसएमएस अस्पताल में एक बालक का अपहरण किया था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस अस्पताल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बालक का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म करने वाले आरोपित 40 वर्षीय हेमराज बैरवा निवासी बरौनी जिला टोंक हाल सागनारे सुंदर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि टोंक निवासी एक महिला ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसके पति की तबीयत ज्यादा खराब होने पर एसएमएस अस्पताल की सैकण्ड़ मंजिल पर सर्जिकल आईसीयू में भर्ती करने के लिए उसकी लडकी व लडका आईसीयू वार्ड में आ गये। वही उसके जेठ का लडके को बेड, बिस्तर व ईलाज के दस्तावेज का ध्यान रखने के लिए थ्री जी वार्ड में छोड दिया था और कुछ देर बाद वह वहां नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे एवं तकनीकी साधनों की सहायता जानकारी मिली कि एक व्यक्ति एक बाइक बैठा के टोंक रोड की और ले गया।

अपहृत बालक की तलाश के लिए एसएमएस अस्पताल, जेएलएन मार्ग पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे में वीडियो फुटेज देखते हुये गांधीनगर, जवाहर सर्किल, सांगानेर सदर, चोखी ढाणी, टोंक रोड, होते हुये शिवदासपुरा बरखेड़ा टोल प्लाजा पर दिखाई दिया । जिस पर बालक की तलाश करते हुये पुलिसकर्मी चाय की थड़ी पर पहुचे। जहां पर बालक बैठा हुआ मिला। पुलिस ने पूछताछ में सामने आया कि वह वार्ड का रास्ता भूल जाने पर रोड पर आ गया था। जहां से उसे एक व्यक्ति ने एक नम्बर गेट पर छोड़ने के बहाने से बाइक पर बैठाकर अपहरण कर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। जिस पर पुलिस ने आरोपियों हेमराज बैरवा को चिन्हित करते हुए पकडा।

## सार-समाचार

### लैंडमार्क स्थापना दिवस पर सेल्फ डिफेंस कार्यशाला




**जयपुर।** लैंडमार्क ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के 27वें स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसय नि:शुल्क सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक सेन्सई अंजू द्वारा विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा के गुर बताये गए और यह समझाया कि किसी भी हमलावर से खुद को बचाने के लिए कौन-कौन सी तकनीकें अपनानी चाहिए। इस अवसर पर लैंडमार्क ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की डायरेक्टर एवं सारस्वत महिला मंडल की अध्यक्षा लीनेस कुलदीप शर्मा ने बताया कि आज के समय में लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त और आपातकाल में किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम बनाता है। सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्राएं, युवतियां और महिलाएं छेड़छाड़ या अन्य किसी भी उत्पीड़न से खुद का बचाव कर सकती हैं। लैंडमार्क संस्था हर साल बच्चियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे रहा हैं। यह सामाजिक सरोकार है।

### महेंद्र सिंह राठौड़ फिर चुने राटो के अध्यक्ष



**जयपुर।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के कार्यकारिणी समिति के चुनाव जयपुर में निर्विघ्न सम्पन्न हुए। महेंद्र सिंह राठौड़ एक बार फिर निर्विरोध राटो के अध्यक्ष चुने गए हैं। दविपाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सुखदेव सिंह उपाध्यक्ष नियुक्त हुए। वहीं, मोहन सिंह मेड़तिया को सचिव और नरेंद्र सिंह को संयुक्त सचिव चुना गया है। हेम सिंह कोषाध्यक्ष और दिलीप चौहान चेयरमैन ईवेंट नियुक्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 8 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। इनमें पुष्पेंद्र सिंह, वंश प्रदीप सिंह, कुंदन सिंह, यतीश धाभाई, विनीत विजयन, एसएन शर्मा, पीयूष माथुर और राजेंद्र सिंह राठौड़ शामिल हैं।

### आयुक्त ने सिलिकोसिस सहायता राशि के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

**जयपुर।** आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने बुधवार को भुगतान की गई सिलिकोसिस सहायता राशि का संबंधित विभागों से अंक मिलान एवं पुनर्भरण करवाने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों के साथ वीसी के जरिए बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मुख्यालय अम्बेडकर भवन के सभागार भवन में आयोजित अहम बैठक में सिलिकोसिस नीति के तहत सिलिकोसिस योजना के नवीन या पुराने पोर्टल पर अंक मिलान के लंबित प्रकरण, नोडल अधिकारी स्तर पर सिलिकोसिस के मृत्यु सहायता के लिए लंबित प्रकरणों का निस्तारण करवाने सहित कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अग्रवाल ने कहा कि राज्य में न्यूमोकोनियोसिस (सिलिकोसिस) नीति के तहत न्यूमोकोनियोसिस (सिलिकोसिस) रोग की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं पीड़ित तथा पीड़ित के परिवार के पुनर्वास के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। इस नीति के अन्तर्गत केन्द्रीयकृत ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निदेशालय विशेष योग्यजन द्वारा सिलिकोसिस सहायता राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से पीड़ितों को किया जा रहा है। निदेशक ने कहा कि इस योजना में भुगतान की गयी सिलिकोसिस जीवित या मृत्यु सहायता का संबंधित श्रमिक के खान विभाग या श्रम विभाग या अन्य (राज्य निधि) से अंकमिलान कर उक्त राशि का संबंधित विभाग से पुनर्भरण कर निधि में बजट प्राप्त किया जाता है। बैठक के दौरान अतिरिक्त निदेशक (विशेष योग्यजन) चंद्रशेखर चौधरी सहित श्रम, खान एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला 28 को

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 28 मई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करवाई जाएगी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने इस बारे में सभी जिला कलेक्टरों को जिला स्तरीय कार्यशाला के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में मनोवैज्ञानिक, योग प्रशिक्षक, आहार विशेषज्ञ, स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, परामर्शदाताओं के अतिरिक्त जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे तथा वरिष्ठ नागरिकों से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यशालों में लगभग 75 से 300 प्रतिभागियों (जिसमें 75 प्रतिशत बुजुर्ग, 15 प्रतिशत युवा व 10 प्रतिशत अन्य) की भागीदारी के अतिरिक्त जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य सदस्य की उपस्थिति रहेगी। कार्यशाला में जिला विशेषयोग्यजन पुनर्वास केंद्र एवं प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र के माध्यम से आवश्यकतानुसार आंकलन पश्चात सहायक उपकरण और उपकरणों के वितरण के लिए शिविर और वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक जानकारी और सेवाएं प्रदान करने के लिए ई-मित्र सेवा प्रदाता भी मौजूद रहेंगे।

### 'फिनटेक पार्क को बर्बाद नहीं होने देंगे'




**जयपुर।** स्वेज फार्म सर्किल से पार्षद पंडित करण शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पदयात्रा कर फिन टेक पार्क की ओर रवाना हुए। कांग्रेस पार्षद वार्ड नंबर 134 पंडित करण शर्मा ने बताया कि यह पदयात्रा इसलिए निकली जा रही है, जिससे जयपुर शहर का ऑक्सीजन कहा जाने वाला फिन टेक पार्क जो की तारों, दुर्गापुरा पर पर स्थित है वहां पर वर्तमान में भाजपा शासित सरकार पीएम आवास योजना लाकर बहु मंजिली इमारत बनाने जा रही है। इस पार्क में 2500 से अधिक पेड़ लगे हुए हैं जिसमें राज्य पेड़ खेजड़ी के भी कई पेड़ हैं, उन सबको काटने लगातार कार्य सरकार कर रही है। पंडित करण शर्मा सैकड़ो लोगों के साथ में जिसमें महिलाओ एवं युवाओं को साथ में लेकर अशोक के पेड़ लेकर स्वेज फार्म सर्किल से निकालकर, गुर्जर की थड़ी होते हुए, रिद्धि सिद्धि चौराहा होते हुए, फिन टेक पार्क की ओर निकले और उन्होंने कहा कि हम यह पेड़ फिन टेक पार्क पर जाकर लगाएंगे। किसी भी कीमत में जयपुर शहर के ऑक्सीजन कहे जाने वाले इस पार्क को बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा काटने नहीं दिया जाएगा। हम अहिंसा के जरिए अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए पार्क को बचाने की पुरजोर कोशिश करेंगे अगर सरकार फिर भी नहीं मानेगी तो सरकार की ईट से ईट बजा देंगे लेकिन पार्क को नहीं काटने देंगे जयपुर के साथ में इस अन्याय को नहीं होने देंगे। इस अवसर पर रोहन मीणा आशीष बर्मन अजय सिंह एडवोकेट रवि शर्मा एडवोकेट कुणाल शर्मा एडवोकेट प्रमोद गौतम एडवोकेट रविंद्र मान रोहिताश सिंह अजय वर्मा अमित शर्मा शीला शर्मा श्याम शर्मा हरीश वर्मा राहुल जांगिड़ सुमन शर्मा प्रेमलता गायत्री देवी परमानंद मीणा रवि यादव एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।